No. of Printed Pages : 3

एम.एच.डी.-004

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2019

15295

एम.एच.डी.-004 : नाटक और अन्य गद्य विधाएँ

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : (i) ***प्रथम** प्रश्न **अनिवार्य** है।*

(ii) *शेष में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **3x12=36**

(क) चूरन सभी महाजन खाते। जिससे जमा हजम कर जाते।।
चूरन खाते लाला लोग। जिसकी अकिल अजीरन रोग।।
चूरन खावैं एडिटर जात। जिनके पेट पचै नहीं बात।।
चूरन साहेब लोग जो खाता। सारा हिंद हजम कर जाता।।
चूरन पुलिस वाले खाते। सब कानून हजम कर जाते।।

(ख) ऐसा जीवन तो विडंबना है, जिसके लिए रात दिन लड़ना पड़े। आकाश में जब शीतल शुभ्र शरद-शशि का विलास हो, तब भी दांत-पर-दांत रखे मुट्ठियों को बांधे-लाल आँखों से एक-दूसरे को घूरा करें! बसंत के मनोहर प्रभात में, निभृत कगारों में चुपचाप बहने वाली सरिताओं का स्रोत गरम रक्त बहाकर लाल कर दिया जाय! नहीं-नहीं, चक्र मेरी समझ में मानव-जीवन का यही उद्देश्य नहीं है।

(ग) कई–कई दिनों के लिए अपने को उससे काट लेती हूँ। पर धीरे–धीरे हर चीज़ फिर उसी ढर्रे पर लौट आती है। सब–कुछ फिर उसी तरह होने लगता है जब तक कि हम... जब तक कि हम नए सिरे से उसी खोह में नहीं पहुँच जाते। मैं यहाँ आती हूँ... यहाँ आती हूँ तो सिर्फ इसीलिए कि...

(घ) यह आत्महत्या होगी प्रतिध्वनित
इस पूरी संस्कृति में
दर्शन में, धर्म में, कलाओं में
शासन व्यवस्था में
आत्मघात होगा बस अंतिम लक्ष्य मानव का

(ङ) प्रेमी तो प्रेम कर चुका, उसका कोई प्रभाव प्रिय पर पड़े या न पड़े। उसके प्रेम में कोई कसर नहीं। प्रिय यदि उससे प्रेम करके उसकी आत्मा को तुष्ट नहीं करता तो उसमें उसका क्या दोष? तुष्टि का विधान न होने से प्रेम के स्वरूप की पूर्णता में कोई त्रुटि नहीं आ सकती।

2. 'अंधेर नगरी' नाटक के महत्त्व और प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए। 16

3. रंगमंच और अभिनेयता की दृष्टि से 'स्कंदगुप्त' का मूल्यांकन कीजिए। 16

4. 'आधे–अधूरे' की अंतर्वस्तु का विश्लेषण कीजिए। 16

5. 'अंधायुग' में निहित राजनीतिक दृष्टि की सोदाहरण समीक्षा कीजिए। 16

6. ललित निबंध की दृष्टि से 'कुटज' की विशेषताएँ बताइए। 16

7. 'ठकुरी बाबा' की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 16

8. संस्मरण विधा की विशेषताओं के आधार पर 'वसंत का अग्रदूत' की समीक्षा कीजिए। 16

9. आत्मकथा की विशिष्टता के आधार पर 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ?' का विवेचन कीजिए। 16

10. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 2x8=16

(क) नुक्कड़ नाटक

(ख) 'अदम्य जीवन' की भाषा

(ग) 'धोखा' का कथ्य

(घ) ऑक्टवियो पाज़ से साक्षात्कार